# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

**अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029**

------------------------------

फा.संख्या**:** 20/2/87**-**हिंदी

दिनांक: 22.08.2024

## परिपत्र

**......................**

विषयः परिषद मुख्यालय में **17 सितंबर, 2024 से 30 सितंबर, 2024 तक** हिंदी पखवाड़ा तथा हिंदी दिवस समारोह का आयोजन।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के अनुदेशों के अनुसार केंद्रीय सरकार के सभी कार्यालयों में संघ की राजभाषा नीति का भली-भांति अनुपालन सुनिश्चित करने और अधिकारियों / कर्मचारियों को अपने सरकारी काम-काज में अधिकाधिक राजभाषा हिंदी का प्रयोग करने के प्रति प्रोत्साहित करने के प्रयोजन से प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस और हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। इस प्रकार का आयोजन परिषद में संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए उत्साहवर्द्धक वातावरण तो बनाता ही है और साथ ही अधिकारी एवं कर्मचारीगण सरकारी काम-काज हिंदी में करने के लिए प्रेरित भी होते है।

**2.** हिंदी पखवाड़ा के दौरान केवल मुख्यालय के **स्थाई स्टॉफ हेतु** आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार निम्नानुसार हैं-

| **क्रं. स.** | **प्रतियोगिता का नाम (केवल मुख्यालय हेतु)** | **प्रथम (एक)** | **द्वितीय (एक)** | **तृतीय (एक)** | **सांत्वना (दो)** | **प्रोत्साहन (दो)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी का सामान्य ज्ञान एवं निबंध | 5000/- | 3000/- | 2000/- | 1000/- | 1000/- |
| 2. | हिंदी टिप्पण और मसौदा लेखन | 5000/- | 3000/- | 2000/- | 1000/- | 1000/- |
| 3. | हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता | 5000/- | 3000/- | 2000/- | 1000/- | 1000/- |
| 4. | हिंदी टंकण प्रतियोगिता | 5000/- | 3000/- | 2000/- | 1000/- | 1000/- |

**3. मुख्यालय एवं सभी केन्द्रों/संस्थानों के स्थाई स्टॉफ हेतु प्रतियोगिता (कविता और वाक् में प्रत्येक श्रेणी में एक-एक पुरस्कार संस्थानों/केन्द्रों के लिए आरक्षित है।)**

| **क्रं. स.** | **प्रतियोगिता का नाम** | **प्रथम (दो)** | **द्वितीय (दो)** | **तृतीय (दो)** | **सांत्वना (तीन)** | **प्रोत्साहन (तीन)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी वाक् | 5000/- | 3000/- | 2000/- | 1000/- | 1000/- |
| 2. | कविता पाठ | 5000/- | 3000/- | 2000/- | 1000/- | 1000/- |

**4.** पखवाड़ा के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन का कार्यक्रम निम्नानुसार हैं-

| **क्रं. स.** | **प्रतियोगिता का नाम** | **दिनांक** | **समय** | **स्थान** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी का सामान्य ज्ञान एवं निबंध | 17.09.2024 | प्रातः 10.30 | सम्मेलन कक्ष |
| 2. | हिंदी टिप्पण और मसौदा | 18.09.2024 | प्रातः 10.30 | ‘ वहीं ’ |
| 3. | हिंदी श्रुतलेख | 19.09.2024 | प्रातः 10.30 | ‘ वहीं ’ |
| 4. | हिंदी टंकण प्रतियोगिता | 20.09.2024 | प्रातः 10.30 | हिंदी अनुभाग |

**5. मुख्यालय एवं सभी केंद्रों/संस्थानों हेतु प्रतियोगिताओं के आयोजन का कार्यक्रम:**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी वाक् | 23.09.2024 | अपराह्न 02.00 | सम्मेलन कक्ष |
| 2. | कविता पाठ | 24.09.2024 | अपराह्न 02.00 | सम्मेलन कक्ष |

-2-

**6. हिंदी का सामान्य ज्ञान एवं निबंधः** राजभाषा से संबंधित प्रश्न, नियम, अधिनियम और सामान्य हिंदी के प्रश्नों (50 अंक) के अलावा इस प्रतियोगिता में निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर (न्यूनतम 300 शब्द) हिंदी (50 अंक)में निबंध लिखना होगा-

**1. नये भारत (न्यू इंडिया) की संकल्पना में हिंदी की भूमिका 2. साइबर अपराध या कंप्यूटर उन्मुखी उन्माद**
**3. लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता 4. कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टीफिशियल इंटेलिजेंसी) का मानव जीवन पर प्रभाव**

7. **हिंदी वाक् (संस्थानों/केंद्रों के स्टॉफ लिए कविता पाठ एवं हिंदी वाक् प्रतियोगिता वर्चुअल रूप में भी होगी)** प्रतियोगिता में निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 5 मिनट तक हिंदी में बोलना होगा। **पढ़कर बोलने वाले** को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा।

**1. देश के नवनिर्माण में राजभाषा की भूमिका 2. नये भारत (न्यू इंडिया) की संकल्पना चुनौतियां और संभावनाएं**
**3. नैतिकता विहीन राजनीति अनर्थकारी होती है 4. आधुनिकीकरण और पाश्चात्यीकरण कितने अलग (समानताएं-असमानताएं)**

8. **कृपया ध्यान दें-**
   I. उपर्युक्त सभी प्रतियोगिताओं में हिंदी स्टॉफ तथा हिंदी कार्य के लिए नियुक्त कोई भी कर्मचारी भाग नहीं ले सकेगा।
   II. हिंदीतर भाषाभाषियों को छोड़कर सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी भाषी ही माना जाएगा।
   III. हिंदीतर भाषी प्रतिभागियों द्वारा भाग नहीं लेने पर इनके लिए निर्धारित पुरस्कार सामान्य श्रेणी के प्रतिभागियों को दे दिए जाएंगे।
   IV. हिंदी भाषियों और हिंदीतर भाषियों को प्रत्येक प्रतियोगिता में कम से कम 33% अंक प्राप्त करने पर ही पुरस्कार देने पर विचार किया जाएगा।
   V. ये सभी प्रतियोगिताएं केवल स्थाई स्टॉफ के लिए है।
   VI. कविता केवल संदर्भ के लिए, देखी जा सकती है।

9. **दिनांक 03 अक्टूबर, 2024** को **अपराह्न 2:00** बजे से परिषद के **सम्मेलन कक्ष (कमरा सं. 301)** में पुरस्कार वितरित किये जाएंगे।

10. उक्त प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अधिकारी/कर्मचारी अपना नाम एवं अन्य विवरण संलग्न आवेदन प्रपत्र में भरकर **दिनांक 13 सितंबर, 2024 को 4.00 बजे** तक सहा. निदेशक (रा.भा.), हिंदी अनुभाग, गैराज बिल्डिंग, प्रथम तल, कमरा नं.- 4 को भेज दें अथवा हिंदी अनुभाग में पधार कर अपना विवरण लिखवा दें। संस्थानों/केन्द्रों के अधिकारी/कर्मचारी अपना विवरण ई-मेल (**hindisection.icmr@gmail.com, meenakeshraj@gmail.com, meenakr.hq@icmr.gov.in** पर भेजें।

11. अतः सभी प्रभारी अधिकारियों से अनुरोध है कि इस परिपत्र को अपने प्रभाग/अनुभाग में कार्यरत सभी अधिकारियों/कर्मचारियों की जानकारी में लाया जाए ताकि इन प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकें। **सभी वरि. अधिकारियों से यह भी अनुरोध है कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए कार्यमुक्त करें।**

Signed by
Jagdish Rajesh
Date: 23-08-2024 09:45:06
सहा. महानिदेशक (प्रशा.)

अनुलग्नकः- यथोक्त

**प्रतिलिपिः**

1. मुख्यालय के सभी प्रभाग/अनुभाग
2. निदेशक/प्रभारी निदेशक, परिषद के सभी स्थाई संस्थान/केन्द्रः- सभी संवर्गों के कर्मचारियों/अधिकारियों को वितरित किया जाए।
3. आईएसआरएमः वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

**(हिंदी अनुभाग)**

---------------------------------------

**परिषद मुख्यालय तथा इसके संस्थानों/केन्द्रों हेतु हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु आवेदन-प्रपत्र**

-----------------

1. **नाम (हिंदी में)** :
   **Name (अंग्रेजी में)** :
2. **पदनाम/Designation** :
3. **प्रभाग/अनुभाग/ Division/Section**
4. **मुख्यालय/संस्थान/केन्द्र का नाम** :
   **Name of the Inst./Centre** :
5. **मातृभाषा/Mother tough** :
6. **मोबाइल नं./Contact No.** :
7. **खाता सं./Account No.** :
8. **वेंडर कोड/Vendor code.** :
9. **जिन प्रतियोगिताओं में भाग लेना है, उनका नाम :**

(1)

(2)

(3)

(4)

(5)

(6)

आवेदक/प्रतिभागी के हस्ताक्षर

दिनांक:

सेवा में,
सहा. निदेशक (रा.भा.)
हिंदी अनुभाग, गैराज बिल्डिंग, कमरा नं.- 4,
मुख्यालय परिसर नई दिल्ली-110029

**नोटः** कृपया एक आवेदन-पत्र में एक ही प्रतिभागी का विवरण दिया जाए और सुस्पष्ट अक्षरों में भरा जाए।